# Greenlawns School - Worli

Terminal Examination - 2016

कक्षा :- सातवीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 10.10.2016 | समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग


प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. " पूना " शहर की यात्रा के अनोखे अनुभव

ii. जीवन में खेलकूद का महत्त्व

iii. " संगति का फल " इस उक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

iv. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और उससे संबंधित जो विचार आपके मन में आते हैं , उनका वर्णन कीजिए :-



प्रश्न 2) निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए :- (7)

अपने छोटे भाई को समय के सदुपयोग का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (8)

वसंत ऋतु का आगमन हो चुका था, परन्तु कोयलऔर मोर उदास थे । जंगल के राजा ने एक जाँच आयोग का गठन करवाया जिसका प्रमुख कौआ बनाया । जाँच द्वारा पता चला कि कोयल और मोर एक ही घर की मुंडेर पर बैठे थे कि तभी उनकी नज़र घर पर चल रहे टेलीविजन पर पड़ी, जिस पर नृत्य का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था । दोनों ही बड़े चाव से कार्यक्रम देखने लगे । नृत्यांगना मोर-पंख पहन कर नाच रही थी, गायिका मधुर स्वर में गा रही थी । कार्यक्रम की समाप्ति पर दोनों को सम्मानित किया गया । यह कार्यक्रम देखकर दोनों उदास हो गये । वे सोचने लगे कि हम दिन - रात मधुर वाणी और मनमोहक अदाओं से सबका मन बहलाते हैं, पर हमारी प्रशंसा में किसी ने कुछ नहीं कहा ।

कौवे को जब इन बातों का पता चला तो उसने दोनों को समझाया कि पक्षियों में सबसे अधिक निरादर की भावना से मुझे देखा जाता है । मेरे सारे गुणों को ताक पर रख दिया जाता है । हम आसपास की गंदगी साफ़ कर देते हैं । हम अन्य पक्षियों की तरह झगड़ते नहीं हैं । हमारे जैसा भाईचारा तो मनुष्यों में भी नहीं होता । जब हमारा साथी मर जाता है तो हम सभी एकत्र होकर काँव - काँव कर अपना दु:ख प्रकट करते हैं । हम मित्रों और मेहमानों के आगमन की सूचना देते हैं । लोग हमारी क़द्र नहीं करते । गीता के उपदेश की तरह हम अपने कार्य को करते हैं, फल की इच्छा नहीं करते । क्या तुम आज तक प्रशंसा और पुरस्कार के लिए ही गाते और नाचते रहे ! इस पर्यावरण को खुश रखने में क्या तुम्हारी सबसे अहम् भूमिका नहीं हैं !

कौवे की बातें उन दोनों की समझ में आ गई । उसी समय जंगल में काले बादल छा गये । कोयल और मोर झूम - झूमकर नाचने और गाने

लगे । सारे जंगल में खुशी की लहर दौड़ गई । उनके साथ - साथ सभी पशु - पक्षी , पेड़ - पौधे झूमने , गाने और चहचहाने लगे । मोर नाचता रहा , उसके आँसू बहते रहे । कौवे ने कहा , भगवान कृष्ण तुम्हारे पंख अपने सिर में लगाते हैं । क्या इससे भी बढ़कर तुम्हारा पुरस्कार हो सकता है ? इसी भाव से कोयल को भी समझाया । दोनों के पास खुशी के आँसू थे ।

प्रश्न :-

i. मोर और कायेल क्यों उदास थे ? (2)

ii. कौवे ने दोनों को अपना उदाहरण देते हुए क्या कहा ? (2)

iii. सारे जंगल में खुशी की लहर क्यों दौड़ गई ? (2)

iv. इस गद्यांश से आपने क्या सीखा ? (2)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. **निम्नलिखित शब्दों के २ पर्यायवाची शब्द लिखिए :-** (2)

**1. कृषक** **2. नदी**

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (2)

1. ऐच्छिक 2. क्रय
3. उद्यम 4. उत्थान

iii. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (2)

1. खोज करनेवाला 2. जहाँ रेत ही रेत हो
3. जो गिना न जा सके 4. कम खर्च करनेवाला

iv. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- (3) कोई (२)

1. बाएँ हाथ का खेल 2. हथियार डालना
3. रंग में भंग

v. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :- (6)

i. राहुल चुनाव नहीं जीत पाया ।
( संज्ञा शब्दों को पहचानकर उनके भेद लिखिए । )

ii. शायद कोई आ रहा है, इसलिए तुम भाग जाओ ।
( सर्वनाम शब्दों को पहचानकर उनके भेद लिखिए ।)

iii. इसी लड़ाकू विमान ने शत्रु के ठिकानों पर हमला किया था ।
( विशेषण शब्दों को पहचानकर उनके भेद लिखिए । )

iv. एक सप्ताह से वह केवल फल खा रहा है ।
( क्रिया पहचानकर उसका भेद लिखिए । )

v. पर्यावरण की शुद्धि के प्रयास किए गए ।
( वाक्य भविष्यकाल में बदलिए । )

vi. अध्यापक गण कविताएँ पढ़ा रहे हैं ।
( वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए । )

## विभाग - ब

## साहित्य - विभाग ( गद्य - विभाग )

प्रश्न 5) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (12)

i. हम भारतवासियों के लिए बड़े शर्म और दुख का विषय क्या है व क्यों? समझाकर लिखिए ।

ii. "कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।" सुनेली का कुआँ इस पाठ के आधार पर यह कथन सिद्ध कीजिए ।

iii. पढ़े - लिखे लोगों को ~~बालश्रमिकों~~ बालश्रमिकों की मदद किस प्रकार करनी चाहिए बताते हुए सरकार ने बालश्रमिकों के हित के लिए कौन - कौन से कदम उठाए हैं ? लिखिए ।

iv. सुनेली का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (3)

i. सुनेली के गाँव का नाम लिखिए ।

ii. प्रेसवाली की दोनों बेटियाँ क्या करती थी ?

iii. पॉलिथिन बैग बनाने की फैक्ट्री में बच्चों के लिए कौन-सा पदार्थ घातक है ?

इ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (3)

i. .......... को .......... में एक पॉलिथिन बैग बनाने की फ़ैक्ट्री में काम मिला है ।

ii. सुनेली ने .......... उठाया और .......... की तरफ़ चल दी ।

iii. .......... और .......... सुबह की पारी में 7 बजे से 12 बजे तक विद्यालय जाती हैं ।

ई) निम्नलिखित' वाक्य किसने - किससे कहा लिखिए :- (3)

i. " बोलो कितने पैसे हुए ? "

ii. " यह आपकी ही हिम्मत है । "

iii. " यह तो हम नहीं जानते । "

उ) शब्दार्थ लिखिए :- (3)

| | |
|---|---|
| 1. नौनिहाल | 2. निवाला |
| 3. धाराप्रवाह | 4. गरारी |
| 5. पौरुष | 6. वज़ीफा |

## पद्य - विभाग

प्रश्न 6) अ) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :-

1. मनुष्य ईश्वर को ढूँढ़ने कहाँ - कहाँ जाता है ? (1)
2. भगवान कृष्ण अपनी माता यशोदा के समक्ष कौन-सी बात सिद्ध करना चाहते है ? वे अपने बचाव में क्या - क्या कहते है ? (2)

आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ का संदर्भसहित भावार्थ लिखिए :- (5)

" माँगा उसने आहत पक्षी,
तेरे तात किंतु थे रक्षी ।
तब उसने , जो था खग भक्षी ,
हठ करने की ठानी । "
हठ करने की ठानी ।
अब बढ़ चली कहानी । "

इ) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. उभय 2. सिद्धि

3. लकुटि 4. चेटी

बाल - रामायण

प्रश्न 7)

i. अयोध्या नगरी का संक्षेप में वर्णन कीजिए । (2)

ii. राम को विश्वामित्र की सेवा से क्या - क्या लाभ हुए ? (2)

iii. अहल्या को किसने शाप दिया व क्यों ? (2)

---------------- स मा प्त ----------------